वार्षिक रिपोर्ट

2012-2013

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड
शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार
कोर-IV बी, प्रथम तल,
भारत पर्यावास केन्द्र
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
वेबसाइट: एचटीटीपी:\\एनसीआरपीबी.एनआईसी.ईन

विषय-सूची

क्र.स.	विवरण	पेज सं.
I	औचित्य	1
II	बोर्ड का गठन और सदस्यता	1-2
III	कार्य	2
IV	शक्तियां	3
V	राष्ट्रीय राजधाी क्षेत्र का क्षेत्र	3-4
VI	समसुविधासम्पन्न (काउंटर मैगेट) क्षेत्र	5
VII	योजाना समिति	6
VIII	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना-2021	7-9
IX	सिंहावलोकन का वर्ष 2012-13	9
	क. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना-2021 का कार्यान्वयन	**9**
	i) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा	9-10
	ii) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना-2021 के अंतर्गत उप क्षेत्रीय योजनाएं बनाना	10
	iii) मास्टर प्लान स्थिति	11
	iv) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कनेक्टिविटी	12
	(क) रेल नेटवर्क	12
	1. मध्यवर्ती राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (सीएनसीआर) तक मेट्रो रेल का विस्तार	12
	2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रेल परियोजनाएं	12
	(ख) रा.रा.क्षे. के लिए क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली	**13-14**
	(ग) सड़क नेटवर्क	14
	1. दिल्ली के नजदीक पेरीफेरल एक्सप्रेसवे	14
	2. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे	15
	3. राष्ट्रीय राजमार्ग	15
	v) अध्ययन	15
	(क) द्रुत परिवहन प्रणाली परियोजना (आरआरटीएस) के लिए गलियारों का व्यवहार्यता अध्ययन व विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना	**15**
	(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लघु और घरेलू कुटीर उद्यमों पर अध्ययन	16
	(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शैक्षणिक आधार ढांचा पर अध्ययन	16
	(घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आर्थिक संरचना संबंधी अध्ययन	16
	(ङ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य आधार ढांचा	16
	vi) घटक राज्यों के मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठके	16-17
	vii) पारस्परिक आम परिवहन करार समझौते/द्विपक्षीय करार पर हस्ताक्षर	17
	ख. बोर्ड द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं	**17-19**
	(i) वर्ष के दौरान स्वीकृत बुनियादी सुविधा संबंधी परियोजनाएं (2012-13)	20-21
	(ii) बोर्ड के दौरान का संवितरण ऋण	21
	(क) वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान संगठक राज्यों एवं उनकी कार्यान्वयन एजेंसियों का 23 प्रक्रियाधीन एवं नई परियोजनाओं के लिए रूपये 418.51 करोड़ का ऋण प्रदान करना	21-23
	(ख) वर्ष 2011-12 के दौरान क्षेत्रवार जारी ऋण	23
	(ग) वित्तीय संसाधन	24-25
	(घ) क्षमता निर्माण विकास संबंधी पहल प्रयास	26
	(ङ) प्रशासन और सतर्कता	26
	i) प्रशासन	26
	ii) सतर्कता	26-27
	iii) सूचना का अधिकार	27
	iv) लेखों का परीक्षण	27
	v) ई-प्राप्ति	27
	5. संगठनात्मक ढांचा	28-29
	अनुलग्नक-I राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए योजना 2021 की प्रमुख विशेषताएं	30-31
	अनुलग्नक-II राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगर तथा शहरों की सूची	32-35
	अनुलग्नक-III राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की ऋण सहायता से चल रही बुनियादी सुविधाओं संबंधी परियोजनाओं की सूची	36-43
	वार्षिक लेखा वर्ष 2012-13	1-25

I. औचित्य

निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए संसद के एक अधिनियम द्वारा वर्ष 1985 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड का गठन किया गया था :-

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए योजना तैयार करना;
- उक्त योजना के कार्यान्वयन का समन्वय और निगरानी करना; तथा
- इस क्षेत्र में भू-उपयोगों के नियंत्रण के लिए सुसंगत नीतियां बनाना और बुनियादी सुविधा का विकास करना ताकि इस क्षेत्र में बेतरतीब विकास से बचा जा सके।

II. बोर्ड का गठन और सदस्यता :

शहरी विकास मंत्रालय की राजपत्रित अधिसूचना संख्या के-11019/3/2012-डीडीvi, दिनांकित 26.09.2012 के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड का वर्तमान संगठन इस प्रकार है:

1.	केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री	अध्यक्ष
2.	केन्द्रीय आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्री	सदस्य
3.	केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार	सदस्य
4.	केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री, भारत सरकार	सदस्य
5.	केन्द्रीय रेल मंत्री, भारत सरकार	सदस्य
6.	केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री, भारत सरकार	सदस्य
7.	केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार	सदस्य
8.	मुख्यमंत्री, हरियाणा	सदस्य
9.	मुख्यमंत्री, राजस्थान	सदस्य
10.	मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश	सदस्य
11.	उप राज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	सदस्य
12.	मुख्यमंत्री, दिल्ली	सदस्य
13.	शहरी और ग्रामीण योजना मंत्री, हरियाणा	सदस्य
14.	शहरी विकास मंत्री, राजस्थान	सदस्य
15.	शहरी विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश	सदस्य
16.	सचिव, शहरी विकास मंत्रालय	सदस्य
17.	मुख्य सचिव, हरियाणा	सदस्य
18.	मुख्य सचिव, राजस्थान	सदस्य
19.	मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश	सदस्य
20.	मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	सदस्य
21.	सदस्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड	सदस्य सचिव

बोर्ड के निम्नलिखित सहयोगित तथा अतिरिक्त सहयोजित सदस्य है :

सहयोजित सदस्य

1. मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश सरकार
2. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार
3. सचिव, औद्योगिक नीति और संवर्धन, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
5. सचिव, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय
6. सचिव, विद्युत विभाग, भारत सरकार
7. सचिव, आवास विभाग, पंजाब सरकार
8. प्रधान सलाहकार(आ.श.वि.), योजना आयोग
9. उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण
10. प्रधान सचिव, पर्यावरण और आवास विभाग, मध्यप्रदेश सरकार

अतिरिक्त सहयोजित सदस्य

शहरी विकास मंत्रालय (दिल्ली डीविजा) के राजपत्रित अधिसूचा संख्या के-11019/3/2012-डीडीvi, दिनांकित 26.9.2012 के द्वारा 2 नए अतिरिक्त सहयोजित सदस्यों को शामिल किया गया है:

1. सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय
2. मुख्य नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन

III. कार्य

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 की धारा 7 के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के कार्य निम्नलिखित हैं -

क. क्षेत्रीय योजना और कार्यात्मक योजनाएं तैयार करना।
ख. प्रत्येक सहभागी राज्य और संघ शासित प्रदेश द्वारा उप क्षेत्रीय योजनाएं और परियोजना योजनाएं तैयार कराने की व्यवस्था करना।
ग. सहभागी राज्यों और संघ शासित प्रदेश के जरिए क्षेत्रीय योजना, कार्यातमक योजनाओं, उप क्षेत्रीय योजनाओं तथा परियोजना या योजनाओं को लागू करने और कार्यान्वयन का समन्वय करना।
घ. क्षेत्रीय योजना में उल्लिखित क्रमों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र या उप क्षेत्रों में परियोजना तैयार करने, प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा विकास की चरणबद्धता के संबंध में सहयोगी राज्यों तथा संघ शासित प्रदेश द्वारा उपयुक्त तथा व्यवस्थित कार्यक्रम तैयार करना व सुनिश्चित करना।
ङ. केन्द्रीय और राज्य योजना निधियों के साथ-साथ अन्य राजस्व स्रोतों के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चुनिंदा विकास परियोजनाओं के वित्त पोषण की व्यवस्था करना और उनका निरीक्षण करना।

IV शक्तियॉं

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 की धारा 8 के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की शक्तियां निम्नलिखित हैं -

क. कार्यात्मक योजनाओं तथा उप क्षेत्रीय योजनाओं को तैयार, लागू और कार्यान्वित करने के संबंध में सहभागी राज्यों और संघ क्षेत्र से रिपोर्टें और सूचना मांगना ;

ख. यह सुनिश्चित करना कि कार्यात्मक योजना अथवा उप क्षेत्रीय योजनाएं, जो भी हों, क्षेत्रीय योजना के अनुरुप, तैयार, लागू और कार्यान्वित की जाएं ;

ग. क्षेत्रीय योजना के कार्यान्वयन के सोपानों का उल्लेख करना ;

घ. क्षेत्रीय योजना, कार्यात्मक योजना, उप क्षेत्रीय योजना और परियोजना योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करना ;

ङ. व्यापक परियोजनाओं का चयन और अनुमोदन, प्राथमिकता प्राप्त विकास के लिए कहना और उन परियोजनाओ, जिन्हें बोर्ड उपयुक्त समझे, के कार्यान्वयन के लिए सहायता मुहैया कराना;

च. संबंधित राज्य सरकार के परामर्श से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर किसी ऐसे शहरी क्षेत्र का चयन उसकी अवस्थिति, जनसंख्या तथा विकास की संभावना को ध्यान में रखकर करना जिसे क्षेत्रीय योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विकसित किया जा सकता हो ; और

छ. समिति को ऐसे अन्य कार्य सौपना जिसे बोर्ड इस अधिनियम के प्रावधानो के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक समझे ।

V राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का दायरा



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को केन्द्र में रखकर अंतर्राज्यीय क्षेत्र विकास योजना का एक बेजोड उदाहरण है । यथाअधिसूचित अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चार राज्य सरकारों अर्थात राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लगभग 34,144 वर्ग किमी0 का क्षेत्र शामिल है । यह देश के क्षेत्रफल का लगभग 1.60 % है । उपक्षेत्र वार ब्यौरे निम्नलिखित अनसार है :-

उप क्षेत्र	जिलों के नाम	क्षेत्रफल (वर्ग किमी0 में)
हरियाणा	फरीदाबाद, गुडगॉव, मेवात, रोहतक, सोनीपत, रेवाडी, झज्झर, पानीपत और पलवल ।	13,428
उत्तर प्रदेश	मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंद शहर हापुड़ और बागपत ।	10,853
राजस्थान	अलवर	8,380
दिल्ली	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	1,483
	कुल	34,144

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विशेषता है कि यहाँ पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र जैसे अरावली की पहाडियां, वन, जीव-जंतु और पक्षी अभ्यारण्य, गंगा, यमुना और हिंडन नदी और उर्वरक कृषि भूमि है । यह गतिशील ग्रामीण-शहरी क्षेत्र है जिसके 108 कस्बों में 371 लाख लोग बसते हैं । इन 108 कस्बों में से 17 श्रेणी । शहर 9 श्रेणी ।। शहर और 7500 से अधिक ग्रामीण बसावटें (जनगणना 2001) है । जनगणना 2011 (अनंतिम) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कुल आबादी 460 लाख है और 2001 जनगणना के अनुसार पूर्व में 17 की तुलना में अब यहाँ 20 श्रेणी-। शहर/कस्बे हैं ।



क्रम सं.	संघटक	क्षेत्रफल (वर्ग किमी0 में)
1	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र -दिल्ली उप क्षेत्र	1,483
2	हरियाणा उप क्षेत्र .	13,428
3	राजस्थान उप क्षेत्र	8,380
4	उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र	10,853
	कुल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)	34,144

स्रोत : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए योजना - 2021 ।

VI समसुविधासम्पन्न (काउंटर मैग्नेट) क्षेत्र

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 की धारा 8 (च) के तहत बोर्ड को यह शक्ति प्राप्त है कि वह संबंधित राज्य के साथ परामर्श करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर का कोई भी क्षेत्र उसकी स्थान, जनसंख्या और विकास की समर्थता को ध्यान में रखते हुए काउंटर मैग्नेट क्षेत्र के रुप में विकसित करने के लिए चुने ताकि क्षेत्रीय योजना के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

क्षेत्रीय योजना 2001 के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने निम्नलिखित 5 काउंटर-मैग्नेट क्षेत्रों की पहचान की हैः

- हरियाणा में हिसार
- उत्तर प्रदेश में बरेली
- राजस्थान में कोटा
- पंजाब में पटियाला
- मध्य प्रदेश में ग्वालियर

काउंटर-मैग्नेट क्षेत्रों की दो विशिष्ट परस्पर पूरक भूमिकाएं इस प्रकार हैं :-

- "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रवासी प्रवाह, जिसमें तीव्रता से वृद्धि हो सकती है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेजी से विकास होने पर वह कम विकसित समीपवर्ती क्षेत्रों से प्रवासियों को आकर्षित कर सकता है, के लिए अंतरोंधक बनना; और
- क्षेत्रीय विकास केन्द्रों के रुप में जिससे इन केन्द्रों की स्थापनाओं के कुछ समय बाद इस क्षेत्र में शहरीकरण का संतुलित पैटर्न बन पाएगा।"

क्षेत्रीय योजना - 2021 में भी काउंटर-मैग्नेट क्षेत्रों के विकास की नीति को जारी रखा गया है। "दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के काउंटर मैग्नेट क्षेत्रों" संबंधी अध्ययन की सिफारिशों के आधार पर दिनांक 22.03.2012 को हुई राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की 32वीं बैठक में रा.रा.क्षे. के लिए निम्नलिखित शहरों/कस्बों को काउंटर मैग्नेट क्षेत्रों के रुप में अनुमोदिन किया गया :

(i) हरियाणा में अंबाला
(ii) उत्तर प्रदेश में बरेली
(iii) उत्तराखंड में देहरादून
(iv) हरियाणा में हिसार
(v) उत्तर प्रदेश में कानपुर
(vi) मध्य प्रदेश में ग्वालियर
(vii) राजस्थान में कोटा
(viii) पंजाब में पटियाला



VII. योजना समिति

(क) गठन

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम की धारा 4(1)और(2) के तहत एक योजना समिति के गठन का उल्लेख है। बोर्ड की सदस्य सचिव इसकी पदेन अध्यक्ष हैं। इस योजना समिति के निम्नलिखित सदस्य हैः

1.	सदस्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव, शहरी विकास मंत्रालय (आवास एवं शहरी विकास)	सदस्य
3.	प्रभारी सचिव, शहरी विकास, हरियाणा	सदस्य
4.	प्रभारी सचिव, शहरी विकास, राजस्थान	सदस्य
5.	प्रभारी सचिव, शहरी विकास, उत्तर प्रदेश	सदस्य
6.	प्रभारी सचिव, शहरी विकास, रा.रा.क्षे.-दिल्ली	सदस्य
7.	उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण	सदस्य
8.	मुख्य नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन	सदस्य
9.	निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा	सदस्य
10.	मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार	सदस्य
11.	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश सरकार	सदस्य

(ग) सहयोगित सदस्य

- वरिष्ठ सलाहकार (एचयूडी), योजना आयोग
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आवास और शहरी विकास निगम
- मुख्य क्षेत्रीय नियोजक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड

(घ) योजना समिति के कार्य

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम की धारा 9 में यथाउल्लिखित अनुसार योजना समिति के प्रमुख कार्य इस प्रकार है :

(1) इन कार्यों के लिए समिति बोर्ड को सहायता प्रदान करेगीः

क. क्षेत्रीय योजना और कार्यात्मक योजनाएं तैयार करना और उनके कार्यान्वयन में समन्वय करना ।

ख. उप क्षेत्रीय योजनाओं और सभी परियोजनाओं की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करना कि वे क्षेत्रीय योजना के अनुरुप हैं ।

(2) बोर्ड को जैसा यह समिति जरुरी समझे किसी उप क्षेत्रीय योजना अथवा किसी परियोजना योजना में संशोधन अथवा आशोधन करने की सिफारिश करना; और

(3) ऐसे अन्य कार्य निष्पादित करना जो इसे बोर्ड द्वारा सौंपे जाएं ।

VIII राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने वर्ष 2021 तक को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय योजना तैयार की जिसे 17.09.2005 को अधिसूचित किया गया।



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021में बसावट पद्धतियों, आर्थिक कार्यकलापों, परिवहन, दूर संचार, प्रादेशिक भू-उपयोग, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन, धरोहर और पर्यटन से जुडे परस्पर संबंधित नीतिगत ढॉचे के जरिए जीवन स्तर को बेहतर बनाने के वास्ते शहरी और ग्रामीण बसावटों के स्वनिर्भर विकास के साथ-साथ अच्छी कृषि भूमि तथा पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों के बचाव और संरक्षण तथा शहरी इलाकों में अनुपजाऊ भूमि के उपयोग हेतु औचित्यपूर्ण प्रादेशिक भू- उपयोग के लिए एक मॉडल का उल्लेख है।

इस योजना में संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का विकास एक वैश्विक उत्कृष्ट क्षेत्र के रुप में करने की परिकल्पना की गई है । इस योजना का लक्ष्य क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि और संतुलित विकास को बढावा देना है तथा (क)दिल्ली की आर्थिक विकास की गति को खपाने में सक्षम प्रादेशिक बसावटों की पहचान और विकास के द्वारा भावी वृद्धि के लिए समुचित आर्थिक आधार मुहैया करने ;(ख) पहचान की गई इन बसावटों में संतुलित प्रादेशिक विकास हेतु भू-उपयोग पैटर्नों के समानुरुप कारगर और सस्ता रेल तथा सडक आधारित नेटवर्क (व्यापक परिवहन प्रणाली सहित) को उपलब्ध कराने; (ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विकास प्रक्रिया के दौरान प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने ; (घ) चुनिंदा बसावटों को दिल्ली के समान परिवहन, विद्युत, संचार, पेयजल, सीवरेज तथा जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं समेत विकसित करने; (ड.) औचित्यपूर्ण उपयोग ढॉचा मुहैया करने और (च) जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए इस क्षेत्र के स्वनिर्भर विकास को बढावा देने के माध्यम से इन्हें प्राप्त करने की संकल्पना है ।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021 में, सभी उप क्षेत्रों के लिए आबादी का अनुमान वर्ष 2021 के लिए है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जनसंख्या वर्ष 2011 तक 486.19 लाख तथा वर्ष 2021 तक 641.38 लाख हो जाने का अनुमान है । लेकिन क्षेत्रीय योजना 2021 में वर्ष 2011 के लिए उप क्षेत्रवार अनुमानित आबादी तथा जनगणना 2011 के अनुसार वास्तविक आबादी निम्नलिखित अनुसार है :-

(लाख में)

क्रमसं.	उप क्षेत्र	क्षेत्रीय योजना - 2021 में वर्ष 2011 के लिए अनुमानित आबादी	जनगणना 2011 के अनुसार आबादी
1	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली उप क्षेत्र	179.90	167.53
2	हरियाणा उप क्षेत्र	117.55	110.38
3	उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र	150.83	145.84
4	राजस्थान उप क्षेत्र	37.91	36.72
5	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	486.19	460.47

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021की मुख्य विशेषताएं **अनुलग्नक-1** पर है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना -2021 में जिन क्षेत्रों पर जोर दिया गया है उनमें मुख्यतः निम्नलिखित शामिल हैः-

- प्राकृतिक आपदाओं की आशंका और सामाजिक आर्थिक विकास समेत प्राकृतिक विशेषताओं की सावधानीपूर्वक जांच से उभरे सुसंगत पैटर्न के अनुसार प्रादेशिक स्तर पर भू-उपयोग निर्धारित करना ।
- प्रमुख कार्यकलापों को आकर्षित करने के लिए मेट्रो और क्षेत्रीय केन्द्रों का विकास सशक्त वृद्धि केन्द्रों के रुप में करने का प्रस्ताव ।
- क्षेत्रीय परिवहन लिंकेज और व्यापक यात्री प्रणाली उपलब्ध कराना ।
- दिल्ली के चारों ओर पेरीफेरल एक्सप्रेस वे और आरबिटल रेल गलियारे का निर्माण ।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगरों में मूलभूत शहरी बुनियादी सुविधाओं (परिवहन, विद्युत, जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी) का विकास ।
- रा.रा.प्रक्षेत्र दिल्ली के बाहर आदर्श औद्योगिक एस्टेटों, विशेष आर्थिक जोनों के माध्यम से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का विकास।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्र योजना - 2021 में मेट्रो केन्द्रों , क्षेत्रीय केन्द्रों, उप क्षेत्रीय केन्द्रों, सेवा केन्द्रों, केन्द्रीय गांवों और बुनियादी गांवों को शामिल करते हुए एक छः स्तरीय बसावट पद्धति का प्रस्ताव है । क्षेत्रीय योजना 2021 में निम्नलिखित अनुसार 7 मेट्रो केन्द्रों (10 लाख और उससे अधिक)तथा 11 क्षेत्रीय केन्द्रों (3-10 लाख) का निम्नलिखित प्रस्ताव है :-

I	**मेट्रो केन्द**
1	फरीदाबाद-वल्लभगढ
2	गुडगॉव-मानेसर
3	गाजियाबाद-लोनी
4	नोएडा
5	सोनीपत-कुंडली
6	ग्रेटर नोएडा
7	मेरठ
II	**क्षेत्रीय केन्द**
1	बहादुरगढ
2	पानीपत
3	रोहतक
4	पलवल
5	रेवाडी-धारुहेरा-बावल
6	हापुड-पिलखुआ
7	बुलंदशहर -खुर्जा
8	बागपत-बडौत
9	अलवर
10	ग्रेटर भिवाडी
11	शाहजहॉपुर-नीमराणा-बेहरोड

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021 में एनसीआर के तीव्र शहरीकरण से कम होते जा रहे भूमि, जल, जंगल और वनस्पति तथा वन्य जीवों जैसे विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों पर भी काफी चिंता व्यक्त की गई है । इस क्षेत्र में शहरीकरण और विकास को देखते हुए भूमि को, बेतरतीब अनियोजित विकास, अप्राधिकृत निर्माण और अतिक्रमण का खतरा है । अच्छी कृषि भूमि को गैर कृषि उपयोगों में बदलने से बचाने के लिए ग्रामीण -शहरी सतत विकास पर जोर देते हुए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना- 2021 में निर्धारित नीतियों का अनुपालन करते हुए शहरी बसावटों के साथ-साथ ग्रामीण बसावटों के लिए विभिन्न स्तर पर विभिन्न मास्टर योजनाएं जल्दी तैयार करने की तत्काल जरुरत है । इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए यह भी अपेक्षित है कि घटक राज्य सरकारों, केन्द्रीय मंत्रालयों और उनके संबंधित विभागों/एजेंसियों द्वारा आश्रय, पानी, सीवरेज, सीवेज परिशोधन, जल-निकासी, बिजली, परिवहन, आदि जैसी अनिवार्य सेवाओं/बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न प्रस्तावों/कार्यनीतियों/परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए । इसके अलावा, पानी और बिजली की उपलब्धता को बेहतर बनाने तथा बढाने के लिए संबंधित एजेंसियों द्वारा नए दृष्टिकोण और नवप्रवर्तन तकनीक अपनाने की जरुरत है । भू जल पुनःभरण और जल संग्रहण को भवन उप नियमों में शामिल करने के साथ-साथ जल पुनःभराव क्षेत्रों के संरक्षण के लिए घटक राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न नगर योजना अधिनियमों में संशोधन करने की जरुरत है । **क्षेत्रीय योजना-2021 ने तेजी से घट रहे प्राकृतिक संसाधनों जैसे भूमि, जल, वन एवं जैव विविधता पर चिंता जताई है तथा इसका मुख्य कारण रा.रा.क्षे. का तीव्र शहरीकरण बताया है** । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना 2021 की विभिन्न नीतियों और प्रस्तावों का कार्यान्वयन घटक राज्य सरकारों और केन्द्रीय मंत्रालयों को अपने विभिन्न विभागों /एजेंसियों के जरिए समयबद्ध तरीके से करना होगा।

IX सिंहावलोकन का वर्ष 2012-13

वर्ष 2012-13 के दौरान किए गए प्रमुख कार्यकलापों और उपलब्धियों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैः-

क. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना - 2021 का कार्यान्वयन

एक समन्वय निकाय के रुप में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से नीतियों के कारगर कार्यान्वयन के लिए पहल-प्रयास/कार्रवाई भी की है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 के उपबंधों के अंतर्गत, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना 2021 की नीतियों तथा प्रस्तावों को सहभागी राज्य सरकारों/शहरी तथा ग्रामीण एजेंसियों के साथ-साथ संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है । क्षेत्रीय योजना-2021 के कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी के लिए की गई कार्रवाई/पहल-प्रयास निम्नानुसार है :-

i राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय योजना 2021 की समीक्षा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड ने क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा कार्य प्रारंभ कर दिया है । समीक्षा कार्य के निरीक्षण हेतु अप्रोच पेपर तथा सदस्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया गया । इसके अतिरिक्त समीक्षा कार्य के लिए पांच अध्ययन समूहों का भी गठन किया गया । वर्ष 2012-13 के दौरान, संचालन समिति की बैठकें तथ अध्ययन समूहों की 14 बैठकें हो चुकी हैं ।

इसके अतिरिक्त, रा.रा.क्षे.यो.बोर्ड ने राष्ट्रीय सूदूर संवेदन संस्थान (एनआरएसए), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार, हैदराबाद के साथ दिनांक 12.06.2012 को रूपये 74.13 लाख की लागत के एक अध्ययन 'एनसीआर की क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा हेतु भू उपयोग का सृजन एवं

अद्यतन हेतु एक एम ओ यू हस्ताक्षरित किया है । एनआरएसए ने Resourcesat-2 LISSIVMX आंकड़ों का प्रयोग वर्ष 2011-12 के कर के वर्तमान भू उपयोग के आंकड़ों का अद्यतन किया है जो 1:50,000 स्केल पर है । इस अध्ययन के लिए प्रयोग किए आंकड़ों की क्षेत्रीय योजना 2021 की समीक्षा के लिए प्रयोग किया जाएगा । जल, परिवहन तथा पर्यावरण के तीन अध्यायों की समीक्षा की जा चुकी है तथा इन अध्यायों पर हितवद्ध पक्षों (स्टेकहोल्डरों) के सुझावों/विचारों को प्राप्त करने के लिए इन पर विस्तृत चर्चा कार्यशालाओं में की जा चुकी है जो क्रमशः 21/11/2012, 26/11/2012 तथा 7/2/2013 को आयोजित की गई थी ।

अन्य अध्यायों की समीक्षा का कार्य भी पूर्ण किया गया तथा इस पर स्टेकहोल्डरों के साथ विचार विमर्श मई-जून, 2013 में किया जाना तय हुआ था ।

ii राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना 2021 के अंतर्गत उप क्षेत्रीय योजनाएं बनाना

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 की धारा 17(1) के अंतर्गत " प्रत्येक सहभागी राज्य अपने राज्य में उप क्षेत्र के लिए उप-क्षेत्रीय योजना तैयार करेगा और संघ शासित प्रदेश अपने संघ शासित क्षेत्र में उप क्षेत्र हेतु उप-क्षेत्रीय योजना बनाएगा ।"

बोर्ड की 24.05.2006 को आयोजित 29वीं बैठक में,घटक राज्यों के प्रतिनिधियों से अपने से संबंधित उप क्षेत्रों के लिए उप क्षेत्रीय योजनाएं तैयार करने का अनुरोध किया गया ।

हरियाणा, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों ने अपने -अपने संबंधित उप क्षेत्रों के लिए उप क्षेत्रीय योजना बनाने हेतु परामर्शदाताओं की नियुक्ति कर दी है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि दिल्ली में योजना का अधिदेश डीडीए को दिया गया है । अतः वह दिल्ली मास्टर योजना -2021 में इन मदों को भी शामिल करने का अनुरोध करेगी ताकि दिल्ली के लिए उप क्षेत्रीय योजना हेतु यह अर्हता बन सके । बोर्ड की योजना समिति की 59वी बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि परिशिष्ट से संबंधित मसलो की जांच दिल्ली मास्टर योजना -2021 की चल रही समीक्षा के भाग के रुप मे की जा सकती है । बोर्ड ने 22मार्च, 2012 को आयोजित अपनी 32वी बैठक में स्थिति की समीक्षा के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण को दिल्ली मास्टर योजना -2021 का परिशिष्ट यथाशीघ्र तैयार करने का निदेश दिया है । तथापि, मास्टर प्लान-2021 की समीक्षा के लिए मैनेजमेंट एक्शन ग्रुप ने दिनांक 10/9/2012 को मुख्य सचिव, रा.रा.क्षे.-दिल्ली सरकार की अध्यक्षता मे संपन्न अपनी बैठक में निर्णय लिया कि रा.रा.क्षे.-दिल्ली सरकार द्वारा ही दिल्ली की उप-क्षेत्रीय योजना का निर्माण किया जाएगा । अन्य उप क्षेत्रीय योजनाओं की स्थिति निम्नलिखित अनुसार है :-

(दिनांक 31.3.2013 के अनुसार स्थिति)

उप क्षेत्रीय योजना	स्थिति
हरियाणा उप क्षेत्रीय योजना	सलाहकार ने अंतिम रिपोर्ट का मसौदा एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को प्रस्तुत कर दिया है । बोर्ड सचिवालय ने उसी जांच की है और उसे शामिल करने के लिए हरियाणा सरकार को उसकी टिप्पणियों/सुझावों के लिए भेजा है । तदनुसार हरियाणा सरकार द्वारा योजना के प्रारुप को संशोधित किया जा रहा है ।
उत्तर प्रदेश उप क्षेत्रीय योजना	उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र की संशोधित समीक्षित उपक्षेत्रीय योजना-2021 कई प्रारूप दिनांक 29.3.2013 को उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त किया जा चुका है ।
राजस्थान उप क्षेत्रीय योजना	राजस्थान उपक्षेत्र की मसौदा उपक्षेत्रीय योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

iii मास्टर प्लान स्थिति

रा.रा.क्षे. के, जनगणना 2001 के अनुसार 108 शहरी बसावटें हैं । उनका श्रेणीवार ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	श्रेणी	जनगणना 2001 के अनुसार शहरोंकी/संख्या
1.	श्रेणी- I	17
2.	श्रेणी -II	9
3.	श्रेणी -III	27
4.	श्रेणी -IV	38
5.	श्रेणी - V	15
6.	श्रेणी -VI	2

हरियाणा उप क्षेत्र में 35, राजस्थान उप क्षेत्र में 9 और उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र में 63 शहरी बसावटें हैं । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एनसीटी- दिल्ली से बाहर, हरियाणा उप क्षेत्र में 8 श्रेणी-I शहरी केन्द्र, राजस्थान उप क्षेत्र में एक श्रेणी-I शहरी केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र में 7 श्रेणी-I शहरी केन्द्र है । जनगणना 2011(अनंतिम) के अनुसार श्रेणी-I शहरों की संख्या बढकर 20 हो गई है । इनके ब्यौरे निम्नलिखित हैः-

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शहरी बस्तियां

शहरी बस्तियां/उप क्षेत्र	श्रेणी-I	श्रेणी-I
	100,000+	100,000+
	जनगणना 2001 के अनुसार	जनगणना 2011 के अनुसार(अनंतिम)
हरियाणा	8	8
राजस्थान	1	2
उत्तर प्रदेश	7	9
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र -दिल्ली	1	1
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	17	20

घटक राज्य अपने से संबंधित उप क्षेत्रों में विभिन्न शहरी बसावटों के लिए अब मास्टर /विकास योजनाएं बना रहे हैं । वैसे वर्ष 2012-13 के दौरान, बोर्ड को घटक राज्यों से 10 शहरों की मास्टर/विकास योजनाओं के प्रारूप प्राप्त हुए हैं ।

क्र.सं.	स्थिति	शहरों/नगरों की संख्या
1.	निर्मित एवं अधिसूचित मास्टर/विकास योजना	42
2.	निर्माणधीन मास्टर/विकास योजना	32

iv राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कनेक्टिविटी

(क) रेल नेटवर्क

1. मध्यवर्ती राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (सीएनसीआर) तक मेट्रो रेल का विस्तार

सीएनसीआर यथा हरियाणा में गुड़गांव, फरीदाबाद, बहादुरगढ़ एवं उत्तर प्रदेश में नोएडा एवं गाज़ियाबाद (वैशाली) में दिल्ली मेट्रो की कनेक्टिविटी के लिए मामला दिल्ली मेट्रो के साथ उठाया गया । दिल्ली-नोएडा, दिल्ली-गुड़गांव तथा दिल्ली-गाज़ियाबाद (वैशाली) की मेट्रो लाइन शुरू की जा चुकी है । सरकार द्वारा फरीदाबाद एवं बहादुरगढ़ तक की मेट्रो लाइन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जा चुका है । फरीदाबाद तक दिल्ली मेट्रो के विस्तार पर कार्य प्रक्रियाधीन है ।

2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रेल परियोजनाएं

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए मामला रेल मंत्रालय के साथ उठाया गया । रेल मंत्रालय ने सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फरवरी, 2012 को विभिन्न रेल परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है।

क्र.सं.	प्रस्ताव	स्थिति
क	**कार्य प्रगति पर**	
1	रेवाडी झज्झर रोहतक नई लाइन	पूर्ण
2	सोनीपत-गोहाना-जिंद नई लाइन	कार्य प्रगति पर
3	होलंबी कला और बिजवासन में मेगा टर्मिनल	कार्य प्रगति पर
4	आनंद विहार टर्मिनल	कार्य प्रगति पर
5	नई दिल्ली स्टेशन का उन्नयन	पूर्ण
6	नई दिल्ली-तिलक ब्रिज 5वीं और 6ठीं लाइन	कार्य प्रगति पर
7	तुगलकाबाद-पलवल चौथी लाइन	कार्य प्रगति पर
8	साहिबाबाद-आनंद विहार तीसरी और चौथी लाइन	पूर्ण
ख	**स्वीकृत योजनाएं**	
9	पश्चिमी डीएफसी : रेवाडी क्रासिंग (फ्लाइज ओवर) से शुरु, असौटी के पास पीकेडी-पीडब्ल्यूएल सेक्शन तथा दादरी के पास गाजियाबाद-हावडा मार्ग पर मिलती है ।	कार्य प्रगति पर
10	पूर्वी डीएफसी : खुर्जा-हापुड मेरठ शहर मुजफ्फरनगर लाइन से ।	कार्य प्रगति पर
11	दिल्ली कैंट से बरार स्क्वैर (बाइपास)के बीच रेल लिंक	कार्य प्रगति पर
12	शकूरबस्ती-रोहतक रेलवे विद्युतीकरण	पूर्ण, रेल सुरक्षा आयुक्त की सुरक्षा अनापत्ति की प्रतीक्षा
13	फरीदाबाद में फ्रेट टर्मिनल	कार्य प्रगति पर
14	दिल्ली सब्जीमंडी-दिल्ली मेन लाइन	कार्य प्रगति पर
15	दयाबस्ती ग्रेड सेपरेटर	कार्य प्रगति पर
16	तिलक ब्रिज, सब्जीमंडी, सराय रोहिल्ला, शकूरबस्ती, गाजियाबाद और टीकेडी में अतिरिक्त रेल सुविधा का विकास,	कार्य प्रगति पर
17	गाजियाबाद स्थित माल उठाई-धराई सुविधा को बेहतर बनाना ।	प्रगति पर

(ख) रा.रा.क्षे के लिए क्षेत्रीय त्वरित ट्रांजिट प्रणाली

एकीकृत परिवहन योजना के अध्ययन के पश्चात् रा.रा.क्षे. के यात्रियों के लिए तेज तथा कार्यकुशल सामूहिक परिवहन की संस्तुति दी गई, जिसमें निम्नलिखित आर.आर.टी.एस. कॉरीडोर का प्रस्ताव रखा गया:

प्राथमिकता का क्रम	कॉरीडोर	लम्बाई (कि.मी)
1	दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ	90*
2	दिल्ली-गुड़गाव-रेवाड़ी-अलवर	180*
3	दिल्ली-सोनीपत-पानीपत	110*
4	दिल्ली-फरीदाबाद-बल्बगढ़-पलवल	60.0
5	गाज़ियाबाद-खुर्जा	83.0
6	दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक	70.0
7	गाज़ियाबाद-हापुड़	57.0
8	दिल्ली-शहादरा-बड़ौत	56.0

*साध्यता (फिजीबिलीटी) रिपोर्ट के आधार पर संशोधित

आर.आर.टी.एस. के लिए प्लानिंग कमिशन द्वारा गठित कार्य समिति ने सचिव, शहरी विकास की अध्यक्षता में निम्नलिखित कॉरीडोर के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दी है।

क्रम संख्या	कॉरीडोर	लम्बाई (कि.मी.)
1	दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ	90*
2	दिल्ली-गुड़गाव-रेवाड़ी-अलवर	180*
3	दिल्ली-सोनीपत-पानीपत	110*

*साध्यता (फिजीबिलीटी) रिपोर्ट के आधार पर संशोधित

तीनों कॉरीडोर की सम्भाव्यता रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। इस परियोजना का कार्यान्वयन एन सी आर परिवहन निगम द्वारा प्रस्तावित है। एन सी आर परिवहन निगम (NCRTC) के गठन हेतु रा.रा.क्षे.यो. बोर्ड, सहभागी राज्यों तथा शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक एम ओ यू (MOU) भी हस्ताक्षरित किया जा चुका है। एन सी आर परिवहन निगम की प्रारम्भिक इक्विटि रू 100 करोड़ होगी। रेल मंत्रालय ने भी इक्विटी प्रतिभागिता के लिए सहमति प्रदान कर दी है। निम्नलिखित स्टेकहोल्डरो का इक्विटी शेयर इस प्रकार है:

केन्द्र सरकार	इक्विटी शेयर
शहरी विकास मंत्रालय	22.5%
रेल मंत्रालय	22.5%
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड	5%

राज्य सरकार	इक्विटी शेयर
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार	12.5%
हरियाणा सरकार	12.5%
उ.प्र. सरकार	12.5%
राजस्थान सरकार	12.5%

हितवद्ध पक्षों (स्टेकहोल्डरों) की टिप्पणियों के पश्चात् एन सी आर परिवहन निगम के गठन के लिए व्यय वित्त समिति मेमो मंत्रालय द्वारा सुझावों के लिए सभी को भेज दिया गया है। योजना आयोग एवं वित्त मंत्रालय की टिप्पणियां प्राप्त की जा चुकी हैं ।

(ग) सडक नेटवर्क

1. दिल्ली के नजदीक पेरीफेरल एक्सप्रेसवे

पॉच राष्ट्रीय राजमार्ग यानी राष्ट्रीय राजमार्ग -1, राजमार्ग -2, राजमार्ग -8, राजमार्ग -10 और राजमार्ग -24 एनसीटी दिल्ली में रिंग रोड में मिलते है जिससे न केवल रिंग रोड पर बल्कि दिल्ली के संपूर्ण शहरी क्षेत्रों में मुख्य सडकों पर भी भारी भीड-भाड हो जाती है । ये राष्ट्रीय राजमार्ग जब दिल्ली सडक नेटवर्क का हिस्सा होते है तो शहरी सडके बन जाते है। अधिकांश भीड-भाड उन वाहनों की वजह से होती है जिन्हें दिल्ली तो नहीं आना होता पर अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों से जुडे न होने के कारण उन्हें दिल्ली से गुजरना पडता है ।

उपर्युक्त सभी पॉचों राष्ट्रीय राजमार्गो के लिए दिल्ली के बाहर बाइपास/लिंकेज मुहैया कराने के उददेश्य से, क्षेत्रीय योजना 2021 में एक पेरीफेरल एक्सप्रेस वे का प्रस्ताव किया गया था । इस बाइपास का पश्चिमी आधा हिस्सा उत्तर में कुंडली में एनएच -1, दक्षिण में पलवल में एनएच-2 होते हुए दिल्ली की पश्चिमी परिधि के बाहर एनएच10 और एनएच 8 से जुडेगा । इसे पश्चिमी परिधि एक्सप्रेस वे (कुंडली-मानेसर-पलवल-एक्सप्रेसवे)नाम दिया गया है । इस बाइपास का पूर्वी आधा हिस्सा उत्तर में कुंडली में एनएच-1 , दक्षिण में पलवल में एनएच-2 होते हुए दिल्ली की पूर्वी परिधि के बाहर एनएच-24 से जुडेगा । इसे पूर्वी परिधि एक्सप्रेस वे नाम दिया गया है ।

पेरीफेरल एक्सप्रेस वे	स्थिति
पश्चिमी पेरीफेरल एक्सप्रेस वे	पश्चिमी पेरीफेरल एक्सप्रेस वे का कार्य 23 वर्ष और 9 माह की रियायत अवधि (निर्माण अवधि के तीन वर्ष सहित) के लिए 31.03.2006 को हरियाणा सरकार द्वारा सुविधा प्रदाता को दिया गया है । इस एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 135.65 किमी0 है । इसे हरियाणा सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इसकी निगरानी की जा रही है । इस परियोजना के पूर्ण होने की तिथि दिसंबर, 2013 तक बढ़ा दी गई है ।
पूर्वी पेरीफेरल एक्सप्रेस वे	पूर्वी पेरीफेरल एक्सप्रेस वे के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है । भूमि अधिग्रहण कार्य प्रगति पर है । पूर्वी पेरीफेरल एक्सप्रेस वे का कार्यान्वयन एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है ।

2. दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे

क्षेत्रीय योजना-2021 में यथाप्रस्तावित दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ उठाया गया था । उक्त मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना VI के रूप में इसके कार्यान्वयन हेतु कार्रवाई शुरु कर दी है ।

3. राष्ट्रीय राजमार्ग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, राष्ट्रीय राजमार्ग-1,2,8,10,24,58,71,71-ए, 71-बी, एनएच-235 व 91 के भाग राज्य राजमार्गों और सडकों के अलावा, सडक नेटवर्क का भी भाग हैं । क्षेत्रीय योजना, 2021 में इन राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन का प्रस्ताव है। बोर्ड के अनुरोध पर इन राजमार्गो का ट्रैफिक आवश्यकतानुसार 6 लेनों या अधिक के लिए और उन्नत करने हेतु सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कार्रवाई शुरु कर दी गई है । जैसा कि क्षेत्रीय योजना 2021 में रा.रा.क्षे. के लिए प्रावधान किया गया है ।

V अध्ययन

(क)द्रुत परिवहन प्रणाली परियोजना (आरआरटीएस) के लिए गलियारों का व्यवहार्यता अध्ययन व विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना

"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र - 2032 के लिए एकीकृत योजना " संबंधी अध्ययन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रेल आधारित तीव्र परिवहन प्रणाली की सिफारिश की गई । तदनुसार, तीन गलियारों के लिए आरआरटीएस गलियारों का व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के काम शुरु किए गए है । इन तीन गलियारों जैसे दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ, दिल्ली-गुड़गांव-भिवाड़ी-अलवर व दिल्ली-सोनीपत-पानीपत का व्यवहार्यता अध्ययन पूर्ण कर लिया गया है ।

इन प्राथमिकता प्राप्त तीन गलियारों के प्रमुख ब्यौरे निम्नलिखित हैं :-

क्रम सं.	गलियारा	लम्बाई (किमी0)	स्टेशनों की संख्या	यात्रियों की संख्या (लाख में)	गति (किमी0 /घंटा)	यात्रा समय (मिनट में)	ट्रांजिट उन्मुखी विकास (टीओडी)	कीमतों में बढोतरी और आईटीसी समेत अनुमानित लागत करोड रु0 में(सितंबर, 2011)
1	दिल्ली-पानीपत	111.2	12	2016-3.8 2021-5.7 2031-7.8 2041-9.8	160	74	तीन स्थानों पर प्रस्तावित	18755
2	दिल्ली-अलवर	180	19	2016-7.0 2021-9.1 2031-12.5 2041-15.1	160	117	नौ स्थानों पर प्रस्तावित	32141
3	दिल्ली - मेरठ	90.2	17	2016-5.7 2021-7.4 2031-9.2 2041-11.4	160	62	चार स्थानों पर प्रस्तावित	21274
	कुल	381.4	48					72170

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लघु और घरेलू कुटीर उद्यमों पर अध्ययन

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सूक्ष्म और घरेलू उद्यमों पर अध्ययन कार्य जारी है और परामर्शदाता ने अंतिम रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की संबंधित एजेंसियों/विभागों से फीडबैक प्राप्त किया जा रहा है। अध्ययन के निष्कर्षों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के न केवल बडे शहरों बल्कि छोटे नगरों और अन्य बसावटों में भी क्लस्टरों के संवर्धन, सूक्ष्म और घरेलू उद्यमों के लिए अपेक्षित अवसंरचना आदि के प्रावधान के जरिए जीविका के अवसर उत्पन्न करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। उक्त रिपोर्ट के आंकड़ों एवं विशलेषण का उपयोग क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा के लिए किया जाएगा।

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शैक्षणिक आधार ढ़ांचा पर अध्ययन

बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उपलब्ध आधार ढ़ांचा सुविधाओं के मूल्यांकन, मांग और आपूर्ति के बीच अंतर का पता लगाने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शैक्षणिक अवसंरचना के विकास हेतु कार्यनीतियों के निर्धारण को चिह्नित करने तथा कार्य योजना बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शैक्षणिक अवसंरचना पर एक अध्ययन प्रारंभ किया है। परामर्शदाता ने अंतरिम रिपोर्ट-।। प्रस्तुत कर दी है। उक्त रिपोर्ट के आंकड़ों एवं विशलेषण का उपयोग क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा के लिए किया जाएगा।

(घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आर्थिक संरचना संबंधी अध्ययन

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आर्थिक रुपरेखा का अध्ययन कार्य विकास रुखों का सही -सही आंकडा-आधार तैयार करने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को समझने, संभावित परियोजनाओं को चिह्नित करने और क्षेत्रीय योजना- 2021 की समीक्षा हेतु जानकारी मुहैया कराने के उददेश्य से परामर्श के जरिए किया गया था। परामर्शदाता ने अंतिम रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत कर दिया है। उक्त रिपोर्ट के आंकड़ों एवं विशलेषण का उपयोग क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा के लिए किया जाएगा।

(ड.) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य आधार ढ़ांचा

बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं का अनुमान लगाने, मांग और आपूर्ति के बीच अंतर का पता लगाने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं की कार्यनीतियां तथा कार्य योजनाएं बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं पर एक अध्ययन शुरु किया है। परामर्शदाता ने अंतिम रिपोर्ट का मसौदा प्रस्तुत कर दिया है। उक्त रिपोर्ट के आंकड़ों एवं विशलेषण का उपयोग क्षेत्रीय योजना-2021 की समीक्षा के लिए किया जाएगा।

vi घटक राज्यों के मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठकें।

क्षेत्रीय योजना-2021 की निगरानी एवं प्रभावी कार्यान्वयन हेतु बोर्ड ने सभी संगठक राज्यों के मुख्य सचिवों की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय संचालक समिति के गठन का मुद्दा उठाया। सभी संगठक राज्यों ने अपने उपक्षेत्रों में क्षेत्रीय योजना-2021 की नीतियों एवं प्रस्तावों के कार्यान्वयन के समन्वयन एवं निगरानी के लिए संचालक समितियों का गठन किया है। क्षेत्रीय योजना एवं अन्य योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सभी राज्य सरकारों के एनसीआर सेल संचालन समिति को तकनीकी सहायता एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे।

वर्ष 2012-13 के दौरान हुई संचालन समिति की बैठकों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

उप क्षेत्र	संचालन समिति की आयोजित बैठकें
उत्तर प्रदेश	एक (22.03.2013)
हरियाणा	एक (18.12.2012)
दिल्ली	एक (06.08.2012)
राजस्थान	किसी बैठक का आयोजन नहीं हुआ ।

vii पारस्परिक आम परिवहन करार समझौते/द्विपक्षीय करार पर हस्ताक्षर

बोर्ड ने एन सी आर में आम जनता के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने संगठक राज्यों से 'कान्ट्रेक्ट कैरिज' तथा 'स्टेज एवं गुड्स कैरिज' हेतु पारस्परिक आम परिवहन समझौते पर हस्ताक्षर का मुद्दा उठाया । 'कान्ट्रैक्ट कैरिज' संबंधित यह समझौता दिनांक 14.10.2008 को हस्ताक्षरित किया गया तथा सभी संगठक राज्यों द्वारा अधिसूचित किया गया । इस समझौते से एन सी आर में चलने वाली सभी टैक्सियों तथा आटो रिक्शा का किसी अतिरिक्त पसेन्जर टैक्स के बिना आवागमन मुमकिन होगा । इस समझौते के परिणामस्वरूप 12000 से अधिक एनसीआर टैक्सियां तथा 7500 एनसीआर बसें निर्बाध रूप से एनसीआर में आवागमन कर रही हैं ।

'स्टेज कैरिज' से संबंधित पारस्परिक आम परिवहन समझौते पर 22.4.2010 को हस्ताक्षर किए गए, जिसमें राज्यों के मार्गों और फेरों का निर्णय लिया गया है और ये बसें एनसीआर में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की कम्यूटर बसों के रूप में कार्य करेंगी । इसे रा.रा.क्षे. के सभी संगठक राज्यों ने अधिसूचित किया है तथा इसके परिणामस्वरूप एनसीआर में निर्बाध रूप से कम्यूटर बसों का आवागमन जारी है ।

ख. बोर्ड द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं :

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम की धारा 8 (ड.)के तहत उक्त बोर्ड व्यापक स्कीमों का चयन और अनुमोदन कर सकता है और उनके कार्यान्वयन के लिए सहायता उपलब्ध करा सकता है । बोर्ड उक्त धारा के प्रावधानों के तहत इस क्षेत्र के संतुलित विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दायरे में एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को वित्त उपलब्ध करा रहा है । बोर्ड घटक राज्यों/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उनकी कार्यान्वयन एजेंसियों को परियोजना की अनुमानित लागत का अधिकतम 75 प्रतिशत ऋण के रुप में उपलब्ध कराता है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के घटक राज्य/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उनकी कार्यान्वयन एजेंसियां परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अपने अंशदान के रुप में वहन करती हैं।

31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार, बोर्ड ने 18994 करोड रु0 की अनुमानित लागत वाली 277 बुनियादी सुविधा विकास परियोजनाओं को 8704 करोड रु0 ऋण के रुप में स्वीकृत किया । बोर्ड ने मार्च 2013 तक 6464 करोड रु0 की ऋण राशि जारी की है । पूर्ण तथा जारी परियोजनाओं के उप क्षेत्रवार ब्यौरे नीचे तालिका -1 में दिए गए है :-

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के उप क्षेत्रवार ब्यौरे (31मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार)

(करोड़ में)

क्रम सं.	राज्य	स्थिति	परियोजना-ओं की संख्या	अनुमानित लागत	स्वीकृत ऋण	एनसीआरपीबी द्वारा जारी ऋण
1	राजस्थान [सीएमए-कोटा समेत]	निर्माणाधीन	4	354	259	226
		पूर्ण	27	1332	377	369
	उप योग		31	1686	**636**	**595**
2	उत्तर प्रदेश [सीएमए-बरेली समेत]	निर्माणाधीन	4	381	240	140
		पूर्ण	48	1770	700	559
	उप योग		52	2151	**939**	**699**
3	हरियाणा [सीएमए-हिसार समेत]	निर्माणाधीन	76	9238	3728	2434
		पूर्ण	106	4683	2581	2248
	उप योग		182	13921	**6310**	**4682**
4	एनसीटी-दिल्ली	निर्माणाधीन	2	398	299	0
		पूर्ण	2	521	310	310
	उप योग		4	919	**609**	**310**
5	पंजाब में सीएमए-पटियाला	निर्माणाधीन	1	60	45	45
		पूर्ण	1	19	1	1
	उप योग		2	79	**46**	**46**
6	मध्य प्रदेश में सीएमए - ग्वालियर	निर्माणाधीन	2	104	63	32
		पूर्ण	4	134	101	101
	उप योग		6	238	**165**	**133**
	कुल	**निर्माणाधीन**	**89**	**10536**	**4634**	**2876**
		पूर्ण	**188**	**8458**	**4070**	**3588**
	कुल जोड		277	**18994**	**8704**	**6464**

बोर्ड द्वारा वित्त पोषित 277 परियोजनाओं में से प्राप्त सूचना के अनुसार 188 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं और 89 कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं (अनुलग्नक - III) । अनुमानित परियोजना लागत और स्वीकृत ऋण की दृष्टि से स्वीकृत परियोजनाओं का क्षेत्रवार सार क्रमशः चित्र-1और 2 में ग्राफ के रुप में दिया गया है ।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं का उप क्षेत्रवार सार (31मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार)

Figure 1



Figure 2





(i) वर्ष के दौरान स्वीकृत बुनियादी सुविधा संबंधी परियोजनाएं (2012-13):

वित्तीय वर्ष 2012-13 में बोर्ड की परियोजना स्वीकृति एवं निगरानी समूह-1 की 2 बैठकें यानी 48वीं और 49वीं बैठक क्रमशः 31.5.2012 और 11.12.2012 को आयोजित की गई । 13 बुनियादी सुविधा संबंधी परियोजनाओं के लिए 683.87 करोड रु0 का ऋण निम्नलिखित अनुसार अनुमोदित किया गया ।

(करोड रु0 में)

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	अनुमानित लागत	कुल संस्वीकृत ऋण
परिवहन				
1.	पानीपत जिले में एलसी (L/C) संख्या 52-C पर पानीपत जताल रोड पर दिल्ली अम्बाला रेल लाइन पर 2 लेन आरओबी का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	31.85	13.26
2	दिल्ली पलवल मथुरा रेल लाइन एलसी (L/C) संख्या 553 पर होडल हसनपुर रोड पर 2 लेन आरओबी का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	24.10	13.76
3.	दिल्ली अम्बाला रेल लाइन एलसी (L/C) संख्या 29 पर सोनीपत पुरखा रोड, चीनी मिल के पास 2 लेन आरओबी का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	40.37	16.42
4.	हरियाणा के झज्झर जिले में, बेरी पर बाईपास का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	48.82	36.62
5.	हरियाणा के झज्झर जिले में, छाडा में बाईपास का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	47.16	35.37
6	हरियाणा के झज्झर जिले में, सुबाना में बाईपास का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	25.18	18.89
7.	हरियाण, कोसली में बाईपास का निर्माण	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	27.68	20.76
8.	गोहाना-लखनमाजरा-भिवानी रोड का सुधार कार्य रोहतक जिले की सीमा सड़क तक 00 से 37.700 किमी तक	पीडब्ल्यूडी (बी एण्ड आर), हरियाणा	99.77	74.83
